मवाना तक की अपनी संकरी रेलवे लाइन सरकार को निशुल्क दे दी थी ;

(ख) क्या यह सच है कि किसानों ने चकबन्दी के दौरान मवाना से हस्तिनापुर तक की रेलवे लाइन के लिये भूमि छोड़ दी थी, जो अभी भी खाली पड़ी है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण इस रेलवे लाइन का निर्माण कार्य बन्द कर दिया गया था ; और

(घ) यदि हां, तो यह रेलवे लाइन कब तक बन जाने की संभावना है।

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) जहां तक प्रश्न के पहले भाग का सम्बन्ध है, यह बता दिया जाय कि प्रस्तावित लाइन का सर्वेक्षण करके इस योजना की जांच की गयी थी। जहां तक दूसरे भाग का सम्बन्ध है, यह भी उल्लेखनीय है कि यह पता चला था कि इस छोटी लाइन (दोराला-मवाना ट्रामवे) के प्रबन्धक मवाना के रास्ते दोराला से हस्तिनापुर तक प्रस्तावित बड़ी लाइन के निर्माण के लिए इस ट्रामवे की जमीन रेलों को देने को तैयार थे लेकिन तकनीकी और अन्य कठिनाइयों के कारण छोटी लाइन के मार्ग निर्धारण पर बड़ी लाइन बिछाना व्यावहारिक नहीं पाया गया। इसलिए रेलवे ने एक अलग मार्ग का सर्वेक्षण किया और इस तरह ट्रामवे की जमीन लेने का प्रश्न नहीं उठा।

(ख) इस मंत्रालय को इस बात की जानकारी नहीं है।

(ग) जी नहीं। इस परियोजना का अनुमोदन नहीं किया गया क्योंकि खास तौर पर इस क्षेत्र में सुविकसित सड़कों को देखते हुए यह अलाभप्रद थी।

(घ) सवाल नहीं उठता।

मेरठ सिटी जंक्शन पर भारी इंजन

1383. श्री महाराज सिंह भारती : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मेरठ सिटी जंक्शन पर भारी इंजनों की दिशायें मोड़ने की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है ;

(ख) क्या मेरठ और दिल्ली के बीच शटल गाड़ियां चलाने की व्यवस्था अभी तक ऐसी है कि इंजन की दिशा नहीं बदली जाती ; और

(ग) क्या यह सच है कि ऐसी व्यवस्था के लिए आवश्यक सारा सामान पिछले कुछ महीनों से वहां पर पड़ा है परन्तु अभी तक उसे लगाया नहीं गया है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) जी हां।

(ख) जी नहीं। इंजनों का कार्यक्रम इस तरह बनाया गया है ताकि कोई भी सवारी गाड़ी इंजन का टेण्डर आगे करके न चलायी जाये।

(ग) जी नहीं। घूम चक्कर लगाने के लिए अभी तक सामान का केवल कुछ हिस्सा ही प्राप्त हुआ है।

पैसेंजर कारों का निर्माण

1384. श्री राम किशन गुप्त :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री 7 अप्रैल, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 761 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पैसेंजर कारों के निर्माण के प्रस्ताव को इस बीच अन्तिम रूप दे दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और